दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, बुधवार 19 जनवरी 2022
www.nyaysakshi.com



# आम लोगों को सेना में भर्ती होने के लिए करें प्रोत्साहित : सुश्री उइके

» रायपुर और दुर्ग जिले के कलेक्टर को झंडा दिवस निधि में योगदान के लिए किया गया पुरस्कृत

» राज्यपाल की अध्यक्षता में अमलगमेटेड स्पेशल फंड के राज्य प्रबंधन समिति की हुई बैठक, महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर दी गई स्वीकृति



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ की अमलगमेटेड स्पेशल फंड के राज्य प्रबंधन समिति की 13वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झंडा दिवस पर अधिक से अधिक निधि एकत्रित करने का प्रयास करें। इसमें अन्य संस्थाओं से भी सहयोग लें। साथ ही आम लोगों को सेना में भर्ती के लिए प्रोत्साहित करें और बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ जिलों में भी में भी ई.सी.एच.एस पॉलीक्लीनिक एवं सी.एस.डी. कैण्टीन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही सैनिक कल्याण बोर्ड सेना और अर्द्धसैनिक बल और पुलिस में भर्ती के लिए युवाओं को कोचिंग की सुविधा प्रदान करे। उन्होंने विश्वास जताया कि सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा बैठक में लिए गए निर्णयों से भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के कार्यों में मदद मिलेगी। सु उइके ने सैनिकों के परिजनों के लिए कौशल उन्नयन का सुझाव देते हुए कहा कि इससे वे खुद आत्मनिर्भर हो सकेंगे और दूसरों को भी रोजगार देंगे। राज्यपाल ने कोविड से बचाव के लिए शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर रायपुर जिले के कलेक्टर सौरभ कुमार और दुर्ग जिले के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 में सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में सर्वाधिक योगदान के लिए गवर्नर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसमें रायपुर जिले को प्रथम पुरस्कार तथा दुर्ग जिले को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही रायपुर जिले के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनुराग तिवारी (सेवानिवृत्त) को प्रथम पुरस्कार एवं दुर्ग जिले के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन पुरनेन्दु विद्यांता (सेवानिवृत्त) को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में द्वितीय विश्व युद्ध के नॉन-पेंशनर/विधवाओं को प्रति माह दी जा रही चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता राशि में रूपए 3000 से रूपए 7000 की बढ़ोत्तरी करने, भूतपूर्व सैनिकों/विधवाओं के मानसिक रूप में बीमार बच्चों को 25 वर्ष (पुत्र एवं अविवाहित पुत्रियों के लिए) के स्थान पर आजीवन आर्थिक सहायता देने, भूतपूर्व सैनिकों/विधवाओं के अनाथ बच्चों (केवल दो बच्चों तक) को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में रूपए 10,000 से 25000 की बढ़ोत्तरी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

साथ ही इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों/विधवाओं के बच्चों की शिक्षा छात्रवृत्ति की दरों में वृद्धि करने, भूतपूर्व सैनिकों की विधवाओं को सिलाई मशीन खरीदने हेतु दी जा रही आर्थिक सहायता हेतु आय सीमा में रूपए 10 हजार से रूपए 25 हजार की वृद्धि करने और भूतपूर्व सैनिकों की कैंसर से पीड़ित विधवाओं को इलाज हेतु दी जा रही आर्थिक सहायता राशि में रूपए 25 हजार प्रतिवर्ष से रूपए 50 हजार प्रतिवर्ष की बढ़ोत्तरी करने के प्रस्ताव पर सहमति दी गई।

इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिकों/विधवाओं के डाटा को डिजिटलीकरण एवं समामेलित विशेष निधि से आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन के क्रियान्वयन हेतु साफ्टवेयर तैयार करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक को राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वर्चुअल रूप से सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कोसा कमाण्डर प्रशांत चौहान, मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल एस. मोहन, केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के सचिव राकेश गुलाटी, रीसेटलमेंट नई दिल्ली के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल शरद कपूर उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 5 ट्रकों के बीच हुई भिड़ंत, एक ड्राइवर की हालत गंभीर

**बिलासपुर (आरएनएस)।** जिले के सकरी-पेंड्रीडीह बाईपास में आज सुबह कोहरे के कारण 5 ट्रकों में भिड़ंत हो गई है। इस हादसे में एक ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। गौरतलब हो कि सकरी-पेंड्रीडीह बाईपास में रोजाना की तरह ट्रकों का आवागमन हो रहा था। इसी दौरान सुबह अधिक कोहरे की वजह से करीब 5 ट्रक आपस में भिड़ गए। यह हादसा इतना भयानक था कि एक ट्रक का ड्राइवर ट्रक में ही फंस गया। हादसे की सूचना चकरभाठा पुलिस को दी गई, जिसके बाद ट्रक के केबिन को काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला गया। घायल ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 5 शिक्षक सहित 13 छात्र छात्राए कोरोना पाजेटिव

**कांकेर (आरएनएस)।** प्रदेश में बढ़ते कोरोना के बीच कांकेर के स्कुल में कोरोना ब्लास्ट हुआ हैं। सिदेसर हाईस्कूल के प्रिंसिपल के अलावा 5 शिक्षक कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। प्रिंसिपल व शिक्षको के अलावा 13 छात्र भी पाजिटिव पाए गए हैं। जिसके बाद स्कूल के सभी बच्चो का कोरोना टेस्ट करवाया जा रहा हैं। प्रदेश में भी लगातार कोरोना के मामले बढते ही जा रहें है। कांकेर जिले में ही कल रात 113 मामले पाजिटिव मिले हैं। वही प्रदेश की बात की जाए तो प्रदेश भर में कल रात तक 4574 लोगो की रिपोर्ट पजिटिव आ चुकी थी। वही 10 लोगो की कोरोना के चलते मौत भी हो गयी हैं।

### बोलेरो व स्वराज माजदा में टक्कर तीन की मौत,एक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरपुर के पास सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मौत की घटना सामने आई। मिली जानकारी के मुताबिक बोलेरो वाहन में सवार होकर सोमवार रात को चार व्यक्ति भानपुरी से कांकेर की ओर जा रहे थे, उसी दौरान सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर विपरीत दिशा से आ रही स्वराज माजदा ट्रक से ग्राम सिरपुर मोड़ के पास दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बोलेरो में सवार तीन व्यक्तियों की मौके पर मौत और एक घायल हुआ, तीनों मृतक पखांजूर निवासी बताए जा रहे, फरसगांव पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है

### महिला आरक्षक से मोबाइल की लूट करने वाले चार नाबालिग हिरासत में

**रायपुर (आरएनएस)।** महिला आरक्षक से मोबाइल लूटने वाले चार नाबालिगों को पुलिस ने धर दबोचा है। नाबालिगों को पकड़कर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई की। गंज थाना क्षेत्र में कांकेर के नरहरपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक से 13 जनवरी को लूट की वारदात हुई थी। योगिता साहू अपनी मां का इलाज कराने फाफाडीह के श्री सांई बाबा अस्पताल में आई थी। चेकअप करवाकर वापस जाने के लिए पार्किंग में कार लेने जा रही थी, तभी मोपेड सवार चार बदमाश आए और मोबाइल लूट कर भाग गए। मोबाइल के कवर में एक हजार रुपये भी थे। जिसे भी छीन लिया। पीड़िता ने बदमाशों का पीछा किया। लेकिन उसे पकड़ नहीं पाई। इसके बाद गंज थाने में एफआइआर कराई। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच के बाद चारों नाबालिगों को पकड़ा।

### 65 साल के बुजुर्ग ने ग्यारह साल की मासूम को पैसे का लालच देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर (आरएनएस)।** राजपुर थाना क्षेत्र में 65 साल के बुजुर्ग ने ग्यारह साल की मासूम को भी नहीं बख्शा। बुजुर्ग ने 20 रुपए का लालच देकर मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। मामले की सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस ने 354 और पॉस्को एक्ट के धारा के तहत कार्रवाई कर आरोपी बुजुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# निलंबित जीपी सिंह को 14 दिन का न्यायिक हिरासत, कोर्ट ने सुनाया फैसला

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के निलंबित एडीजी जीपी सिंह पर सुनवाई पूरी हो गई है. जीपी सिंह को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है. विशेष न्यायाधीश लिना अग्रवाल की कोर्ट में सुनवाई हुई. करीबन 50 मिनट तक दोनों ही पक्षों के बीच बहस चली. दरअसल, निलंबित एडीजी जीपी सिंह को ईओडब्ल्यू की टीम ने आज जिला कोर्ट में पेश किया था।

इस दौरान न्यायालय परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी. जीपी सिंह के वकीलों ने विशेष न्यायाधीश लीना अग्रवाल की कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। गौरतलब है कि 1 जुलाई 2021 की सुबह 6 बजे एसीबी ईओडब्ल्यू की टीमों ने रायपुर, राजनांदगांव और ओडिशा में उनके सहयोगियों समेत उनके सभी ठिकानों पर एक साथ छापा मारा था, जिसमें 5 करोड़ की चल-अचल संपत्ति का खुलासा हुआ था। 10 करोड़ की संपत्ति मिलने और इसके बढ़ने की आधिकारिक जानकारी दी गई थी। इसके अलावा छापे के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले थे, जिसके आधार पर रायपुर कोतवाली में निलंबित आईपीएस जीपी सिंह पर राज्य सरकार राजद्रोह का मामला दर्ज हुआ था। जिसका चालान कोतवाली पुलिस पहले ही कोर्ट में पेश कर चुकी है, जो कोर्ट में विचाराधीन है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर में अनुपातहीन संपत्ति और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धारा 201,467,471 के आरोप में निलंबित आईपीएस जी.पी.सिंह का प्रकरण दर्ज है।

# कसावाही मल्टी एक्टिविटी सेंटर से महिलाओं को मिल रहा है रोजगार

» टमाटर बेचकर कमाया दो लाख रूपए



**बालोद (आरएनएस)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा बाड़ी योजना के तहत ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में गौठान विकसित किया जा रहा है। गौठानों में मल्टी एक्टिविटी सेंटर के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। कांकेर जिले के ग्राम कसावाही ग्राम पंचायत के गौठान से यहां की महिला सदस्यों ने इस वर्ष टमाटर बेचकर 2 लाख रूपए से अधिक की आमदनी की है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, वहीं सामाजिक रूप से भी सुदृढ़ हुए हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार गौठानों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और पशुपालकों को नियमित रूप से रोजगार मिल रहा है। इसके साथ ही के माध्यम से से जिले के पशुपालक गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचकर धनार्जन कर रहे हैं, वहीं महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को वर्मी खाद निर्माण और विक्रय से रोजगार भी मिल रहा है। गौठानों में साग-सब्जी की खेती भी की जा रही है, जो उनकी अतिरिक्त आमदनी का जरिया बन गया है।

दरअसल विकासखण्ड चारामा के ग्राम कसावाही में संचालित गौठान में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार कर विक्रय किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कसावाही गौठान के गौरी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती बिन्दा बाई ने बताया कि गौठान में गोधन न्याय योजना के तहत् गोबर की खरीदी किया जा रहा है, जिसे महिला स्व-सहायता समूह द्वारा गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार किया जा रहा है। वर्मी खाद तैयार किये जाने हेतु मनरेगा से 10 वर्मी टांका का निर्माण किया गया है।

स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत कसावाही में गौरी स्व-सहायता समूह का गठन किया गया, इसमें कुल 10 सदस्य शामिल हैं।

# महिलाओं की बढ़ रही आमदनी, बल्ब बनाकर घरों तक पहुंचाने लगी रोशनी

» एलईडी बल्ब निर्माण के क्षेत्र में आने से गांव की महिलाओं का संवर रहा भविष्य




**रायपुर (आरएनएस)।** घरों में चूल्हां फूंकने और कभी माचिस से चिमनी जलाने वाली गांव की इन महिलाओं ने समय के साथ स्वरोजगार का वह जरिया अपनाया है, जो है तो तकनीकी, लेकिन अपने हाथों में हुनर सम्हालनें के बाद तकनीकी आधारित काम को न सिर्फ आसान बना दिया है, बल्कि एलईडी बल्ब निर्माण से जुड़कर भविष्य में आमदनी बढ़ाने की नई संभावनाएं भी बना ली है।

कोरिया जिले के ग्राम छिंदिया में गौठान आजीविका के रूप में सूरज महिला ग्राम संगठन की महिलाओं ने एलईडी बल्ब निर्माण के कार्य को अपनाया है। इन महिलाओं ने महज एक महीने में ही 500 से ज्यादा बल्ब बनाकर अपनी आमदनी की नई संभावनाओं को विकसित किया है। जिले के गौठानों में विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, जिससे जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह में आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में गौठान ग्राम छिंदिया की 8-10 महिलाओं ने मिलकर लगभग एक महीने पहलेएलईडी बल्ब निर्माण का कार्य प्रारंभ किया था। इस समूह की सदस्य नीलम कुशवाहा ने बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के तहत अधिकारियों से आर्थिक गतिविधियों की जानकारी मिली। कुछ नया कार्य करने की चाह से एलईडी बल्ब निर्माण कार्य का विचार आया। अधिकारियों के मार्गदर्शन में रायपुर से आए ट्रेनर के द्वारा 3 दिवस की ट्रेनिंग दी गई। एलईडी बल्ब निर्माण की पूरी प्रक्रिया बताई गई। महिलाओं ने बताया बल्ब के लिए कच्ची सामग्री रायपुर से मंगवाई जाती है। उनके द्वारा आवश्यक निर्माण कर प्रेसिंग मशीन से बल्ब की पैकिंग की जाती है। महिलाओं ने बताया कि सस्ते दाम पर गुणवत्तायुक्त बल्ब से लोगों को भी फायदा मिल रहा है। महिलाओं ने बताया बिहान बाजार में बल्ब की मांग बढ़ रही है। वे स्वयं बल्ब की मार्केटिंग एवं प्रचार-प्रसार का काम कर रही हैं। अभी केवल ग्रामीण स्तर पर बल्ब का विक्रय किया जा रहा है, आने वाले दिनों में वे बाजारों में भी बल्ब भेजने की तैयारी कर रही है। महिलाओं का कहना है कि समूह से जुड़ने से पहले अधिकांश महिलाएं घर के कामों में ही व्यस्त रहती थी, अब बल्ब निर्माण जैसे कार्यों में हाथ आजमाने के बाद उन्हें अपना भविष्य सुनहरा नजर आने लगा है।

# वन विभाग के डिप्टी रेंजर ने कर्मचारी की पत्नी को बनाया अपनी हवस का शिकार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** वन विभाग के डिप्टी रेंजर ने अपने ही कर्मचारी की पत्नी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। दरअसल पहली बार दवाई देने का झांसा देकर महिला को ले गया। फिर पति को जान से मारने की धमकी देकर डराया। इस दौरान पति की ड्यूटी बाहर लगा देता और महिला से दुष्कर्म करता। 6 महीने बाद हिम्मत कर महिला ने पति को सारी बात बताई तो कोयलीबेड़ा थाने में एफआईआर दर्ज हुई। इसके बाद पता चला कि डिप्टी रेंजर 3 महीने से लापता है। पूरा मामला कोयलीबेड़ा वन परिक्षेत्र का है। यहां पदस्थ डिप्टी रेंजर गणेश राम साहू पर विभाग के ही एक बीट गार्ड की पत्नी से दुष्कर्म का आरोप लगाया है। वारदात जुलाई 2019 की है। महिला ने बताया कि वह फॉरेस्ट कॉलोनी में खेल रहे अपने बच्चे को लेने के लिए निकली थी। इस दौरान डिप्टी रेंजर मिल गया और पूछताछ करने लगा। इस पर महिला ने बताया कि उसकी तबियत ठीक नहीं है और वह बच्चे को लेने के लिए जा रही है। महिला ने आरोप लगाया है कि वह उसके साथ क्वार्टर पहुंची तो डिप्टी रेंजर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद किसी को बताने पर पति को जान से मारने की धमकी दी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में अब तक 9 की मौत, कई घायल

» रायपुर, कोंडागांव और बिलासपुर जिले में हुवा हादसा




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में आज का द एक के बाद एक अलग-अलग जगहों से हा रही सड़क हादसों में अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है। वहीं इन हादसों में कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहला मामला राजधानी से लगे तिल्दा का है। यहां अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे में 2 बच्चे घायल है। हादसा तिल्दा टोहडा के पास हुआ। तिल्दा पुलिस ने केस दर्ज किया है।

**केशकाल में तीन युवकों की दर्दनाक मौत** – केशकाल में सामने आए सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दो वाहनों की आपस में भिड़ंत हो गई। चपेट में आने 3 लोगों की मौत, जबकि 1 घायल है। फारसगांव थाना क्षेत्र की यह घटना है। इधर अंबिकापुर में तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक चालकों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा रघुनाथपुर चौकी क्षेत्र के पास हुआ है।

गरियाबंद में अलग-अलग दो घटनों में दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कचना और धुर्वा के पास दोनों घटना हुई। गरियाबंद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बिलासपुर के सीपथ थाना में एक के बाद एक दो सड़क हादसे हुए हैं। पहली तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में चढ़ गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं कार क्षतिग्रस्त हुआ है। सरकंडा थाना क्षेत्र के सीपत रोड में यह हादसा हुआ।

देर रात सीपत थाने के अंतर्गत लूथरा के पास दो ट्रेलर आपस में भिड़ गए। वहीं हादसे में घायल ट्रेलर चालक को अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस भी पलटा गया। हादसे में एंबुलेंस सवार ड्राइवर की मौत। सीपत के लूथरा के पास देर रात की घटना है।

# वन मंत्री ने 10 करोड़ रूपए की राशि के 7 अलग-अलग कार्यों का किया वर्चुअल भूमिपूजन

» कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक बनेगी 9 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से सड़क

» वन मंत्री अकबर ने आज वर्चुअल कार्यक्रम में कवर्धा और बोडला जनपद को दी करोड़ों रूपए की सौगात

**रायपुर (आरएनएस)।** वन, परिवहन, आवास एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज कबीरधाम जिले के विकास के लिए 10 करोड़ रूपए के विभिन्न कार्यो की सौगात दी। मंत्री अकबर ने संबोधित करते हुए कहा कि कवर्धा से प्रदेश के प्रमुख पुरात्तव, धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर पहुंचमार्ग तक सड़क निर्माण होने की मांग पूरा होने से पर्यटन सुविधाओं का विस्तार होगा। राज्य के अलग-अलग जिलों से आने वाले पर्यटकों के लिए अच्छी सड़क की बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के सभी पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल चिल्फी घाटी के ऊपर सरोधादादर में ट्राईबल टूरिजम सर्किल के विकास के लिए 12 करोड़ रूपए के विकास कार्य किए गए है, इससे प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं के समुचित विकास को नई दिशा मिल रही है। मंत्री अकबर ने कहा कि आज हुए 7 अलग-अलग कार्यो के भूमिपूजन से जिले के विकास की कड़ी और जुड़ गई है।

छत्तीसगढ़ शाकंभरी बोर्ड के सदस्य हरि पटेल ने कबीरधाम जिले और जिले के पुरात्तव महत्व के स्थलों के समुचित विकास को नई दिशा देने के लिए मंत्री अकबर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे आने वाले समय में जिले के पर्यटन को और ख्याति मिलेगी। कवर्धा पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने कहा कि कवर्धा से भोरमदेव मंदिर पहुंच मार्ग की सौगात के लिए कवर्धा नगर पलिका की तरफ से अभार जताया।

**कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक 16 किलोमीटर सड़क का उन्नयन कार्य शामिल 10 पुलिया और 5.44 किलोमीटर नाली का होगा निर्माण–** कैबिनेट मंत्री अकबर आज अपने रायपुर स्थित आवास से वर्चुअल के माध्यम कवर्धा विधानसभा के कवर्धा और बोडला जनपद पंचायत के 6 ग्राम पंचायतों के लिए स्वीकृत 10 करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत 7 अलग-अलग कार्यों वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस भूमिपूजन कार्य में छत्तीसगढ़ के प्रमुख पुरात्तव, धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर पहुंचमार्ग शामिल है। कवर्धा से भोरमदेव मंदिर 16 किलोमीटर सड़क का उन्नयन कार्य शामिल है। पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप और कैबिनेट मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के प्रयासों से इसके लिए 9 करोड 60 लाख रूपए की लागत से सड़क की मंजूरी मिली है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU